अमर उजाला 18/02/2025

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेवक करेंगे जागरूक

अंबाला। जीएमएन कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा गांव उगाड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि इस साप्ताहिक शिविर के अंतर्गत अनेक प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**उगाड़ा गांव में लगाया जाएगा शिविर**

कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीश ने बताया कि इस साप्ताहिक शिविर में अनेक रैलियों, प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानों का आयोजन किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि गांव के युवाओं को अपने साथ जोड़ गांव के लोगों को नशे, पर्यावरण एवं डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक करें। डॉ सरोज बाला ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गली-गली जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस तरह के एनएसएस शिविर हमारे आपसी प्रेम और समरसता के लिए महत्वपूर्ण है। संवाद